अयोध्या के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली; 9 मार्च, 2024 : लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला सोमवार को रामलला के दर्शन करेंगे। वे सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचेंगे।

श्री बिरला 11 मार्च, 2024 सोमवार सुबह 7 बजे कैफियत एक्सप्रेस से अयोध्या पहुचेंगे। वह सोमवार सुबह 9.15 बजे माहेश्वरी समाज द्वारा बनवाए जा रहे सरस्वती देवी शिवकिशन दमानी भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। श्री बिरला शाम 4.30 बजे अपनी पत्नी, डा. अमिता बिरला के साथ श्री राम मंदिर में रामलला के दर्शन करेंगे। शाम 5.30 बजे बाद वह सरयू नदी के तट पर महाआरती में भाग लेंगे।

अगले दिन अर्थात 12 मार्च 2024 मंगलवार सुबह 9.30 बजे वह पुनः रामलला के दर्शन करेंगे। इसके बाद सुबह 10.30 बजे वे हनुमान गढ़ी के दर्शन कर आश्रम भ्रमण करेंगे। श्री बिरला 12 मार्च 2024 को दोपहर 1.45 बजे हवाई मार्ग से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।